राजस्थान के 6 बुनकर ‘बुनकर पुरस्कार’ के लिये चयनित

चर्चा में क्यों?

15 फरवरी, 2022 को **उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त महेंद्र कुमार पारख** की अध्यक्षता में उद्योग भवन में आयोजित हुई **राजस्थान राज्यस्तरीय बुनकर पुरस्कार चयन समिति** की बैठक में प्रदेश के 6 बुनकरों का **बुनकर पुरस्कार योजना** के अंतर्गत पुरस्कृत करने हेतु चयन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- **राज्यस्तर पर चयनित पहले तीन बुनकरों को क्रमशः 21000, 11000 व 7100 रुपए की नगद राशि** प्रदान की जाएगी तथा **ज़िलास्तर पर चयनित तीन बुनकरों को क्रमशः 5100, 3100 व 2100 रुपए की नगद राशि** प्रदान की जाएगी।
- उल्लेखनीय है कि बुनकर पुरस्कार **योजना की शुरुआत 2005 में** हुई थी, जिसके अंतर्गत राज्य में बुनकरों को प्रोत्साहन देने हेतु उन्हें नगद पुरस्कार देने का प्रावधान किया गया था।
- **वित्तीय वर्ष 2021-22 में** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा राज्य के 19 बुनकर बहुल ज़िलों में बुनकरों को इस योजना के अंतर्गत पुरस्कृत करने हेतु **3 लाख रुपए की राशि का बजट में प्रावधान** किया गया है। विभाग को प्राप्त 32 प्रविष्टियों के अवलोकन उपरांत 6 प्रविष्टियों का नगद पुरस्कार हेतु चयन किया गया।
- इंद्रो (पोखरण, जैसलमेर) **पोखरण पट्टू के लिये प्रथम स्थान** पर रहीं, जबकि गुलाम अहमद (सवाई माधोपुर) ने **प्लेन खेस के लिये द्वितीय स्थान** प्राप्त किया। वहीं शक्तिसिंह नरूका (सिराही, टोंक) **सूती साड़ी के लिये तृतीय स्थान** पर रहे।
- वहीं मकबूल अहमद (मंगरोल, बारां) को कोटा डोरिया बैंगनी बूटी साड़ी, जबकि बुधराम (कांकनी, जोधपुर) को सूती दरी तथा सुमन (अमरपुरा बास, बीकानेर) का कोटिग ऊनी के लिये सांत्वना पुरस्कार हेतु चयन किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/weaver-award